(3)

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये

रु.10

TEN RUPEES

Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

65AA 296003

5000Rs

INDIA NON JUDICIAL

५000रु. Rs 5000

पाँच हजार रुपए FIVE THOUSAND RUPEES



... Compound - Kanpur

।। श्री गणेशाय नमः ।।

बयनामा

मनकि राधाराम कनौजिया पुत्र स्व0 श्री सुराज कनौजिया निवासी मकान नम्बर 105 बेरी कल्याणपुर पोस्ट बेरी कल्याणपुर परगना व तहसील व जिला कानपुर नगर का हूँ।

विदित हो कि मिन मुकिर आराजी भूमिधरी नम्बरी 1096 रकबा 0.666 हे0 व आराजी भूमिधरी संख्या-1097 रकबा 0.041 हे0 व आराजी भूमिधरी संख्या- 1098 रकबा 0.307 हे0 व आराजी भूमिधरी संख्या-1105 रकबा 0.031 हे0 कुल चार किता कुल रकबा 1.045 हे0 के 1/2

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५000 रु. Rs 5000

भारत

पांच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

-2-

भाग स्थित मौजा पेरी अकबरपुर कछार परगना व तहसील व जिला कानपुर नगर का तनहा मालिक, काबिज व दखील संक्रमणीय भूमिधर काश्तकार है। कब्जा भी मिन मुकिर का है, तथा नाम भी दर्ज कागजात सरकारी है। मिन मुकिर के हिस्से में मिन मुकिर के अलावा अन्य कोई व्यक्ति हकदार व हिस्सेदार अथवा भागीदार नहीं है। मिनमुकिर की उक्त आराजी/जायदाद विवरण हस्ब ज़ैल आज दिन तक हुमसा बार बिफासत से बरी पाक व साफ है। कहीं रहन, बय, हिबा, मुस्तगरक, जमानत आदि नहीं है तथा किसी डिगरी व इजराये डिगरी में कुर्क अथवा वरसरे

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५००० रु. Rs 5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

-3-

नीलाम नहीं है। और मुकिर को किसी न्यायालय या मौहकमा सरकारी द्वारा उक्त आराजियात के आज दिन तक की बाबत विक्रय आदि करने से भी रोका नहीं गया है। तथा उक्त जायदाद किसी न्यायालय या मौहकमा सरकारी द्वारा आज दिन तक एक्वायर नहीं की गयी है और न ही मिनमुकिर को एक्वायर करने सम्बन्धी कोई नोटिस ही प्राप्त हुई है तथा मिनमुकिर की उक्त आराजी बैंक लोन आदि में बन्धक नहीं है। तथा कोई इस्टेट इनकम टैक्स या सेल टैक्स की उक्त आराजियात की बाबत नहीं है। गरजे कि उक्त आराजियात आज दिन तक हर प्रकार से पाक व साफ है तथा मिन मुकिर को जायदाद

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५000रु. Rs.5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

-4-

उपरोक्त को बजरिये बयनामा विक्रय करने हेतु समस्त अधिकार मालिकाना हासिल हैं। चूंकि मिन मुकिर को वास्ते करने शादी आर्शिन व खर्च खानगी व रिहायश के लिए मकान बनवाने के लिए रुपया की सख्त आवश्यकता दरपेश है। जो कि बिना बेचे हुए आराजियात उपरोक्त विवरण हस्ब जैल मिन मुकिर की जरूरत रफा नहीं हो सकती है। अतः मिनमुकिर ने उक्त आराजियात तफसील हस्ब जैल को बेचना मुनासिब समझकर बेचने की बाबत इधर उधर बातचीत चलाई तो गुफ्तगू बय पर उक्त आराजी के पाक साफ होने का यकीन बइतमिनान दिलाने पर बिल एवज मुबलिग 3,31,500/- तीन लाख इकतीस हजार पांच सौ रुपये मैं महावीर को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि0, मुख्य कार्यालय सिटी सेन्टर माल रोड शाहर कानपुर जरिये सचिव श्री ए0 के0 जैन पुत्र श्री के0के0 जैन निवासी मकान नम्बर 73 आर.एस.पुरम काकादेव

5000Rs

INDIA NON JUDICIAL

भारत

5000रु.   Rs 5000

पाँच हजार रुपये   FIVE THOUSAND RUPEES



शहर कानपुर खरीद करने पर तैयार व रजामन्द है। कीमत मुनासिब व वाजिब है, बाजारी भाव से कम नहीं है। और न इससे ज्यादा कोई दूसरा कीमत देने को तैयार व रजामन्द है। कीमत मिनमुकिर को तस्लीम व मन्जूर है। लिहाजा बहालत सेहत नफ्स व सबात अक्ल बदुरुस्ती होश हवास बिला किसी दबाव नाजायज के मय जुमला हक व हकूक दाखिली व खारिजी हाल व आयन्दा बिला छोड़े हुए किसी चीज के बिल एवज मुबलिग- 3,31,500/-रुपये तीन लाख इकत्तीस हजार पाँच सौ रुपया जिसके कि आधे मुबलिग- 1,65,750/- रुपया एक लाख पैंसठ हजार सात सौ पचास रुपया जिसका हिन्द सरकार यूनियन के होते हैं। बदस्त महावीर को आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि० रजि० संख्या- 666 सन् 1982 ई० मुख्य कार्यालय सिटी सेन्टर माल रोड शहर कानपुर जरिये सचिव श्री ए० के० जैन पुत्र श्री जे० के० जैन निवासी मकान नम्बर 73 आर.एम.पुरम काकादेव शहर कानपुर के बय

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५०००रु.  Rs 5000

भारत

पाँच हजार रुपये  FIVE THOUSAND RUPEES

-6-

सर्फ करदिया यानी शेष राशा तथा कुल कीमत निम्न लिखित तफसील के अनुसार मिनमुकिर ने उक्त खरीदार समिति से वसूल पा लिया है। निस्बत जर समन अब एक भी पैसा पाना जिम्मे खरीदार समिति के शेष नहीं रह गया है। मिन मुकिर ने आज की तारीख से जायदाद मुबैया हाजा से अपना कब्जा व दखल मालिकाना व जार्इद फर्द मौके से हटाकर मिस्ल अपने कब्जा व दखल मालिकाना व जार्इद जायदाद मुबैया हाजा पर आज की तारीख से खरीदार समिति का करा दिया तथा मालिक, काबिज व दखील करा दिया आज की तारीख से खरीदार समिति जायदाद मुबैया हाजा का एक मात्र मालिक, काबिज व दखील हो गया तथा उसे कुल अधिकार जायदाद मुबैया हाजा की निस्बत मालिकाना हकदारी, दाखिली व खारजी हाल व आयन्दा के हासिल हो

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५०००रु.        Rs 5000

पाँच हजार रुपये        FIVE THOUSAND RUPEES



गये है। व अब खरीदार समिति को अधिकार होगा कि वह जायदाद मुबेया हाजा को जिस प्रकार से चाहे अपने प्रयोग व स्तेमाल में लावे। इसमें मुकिर व वारिसान मुकिर व कायम मुकामान वारिसान मुकिर को कोई उजुर व एतराज न होगा। खरीदार समिति को चाहिए कि वह अपना नाम कागजात सरकारी में बजाय मिलकियत दर्ज करा लेवे, तथा दर्ज नाम जिन मुकिर खारिज करा देवे, जिसकी रजामन्दी इस बयनामा हाजा द्वारा समझी जावेगी। फिर भी यदि कहीं जरूरत पड़ी तो मुकिर अपनी तहरीरी व जुबानी रजामन्दी देनी की भी जरूरत होगी देने को पाबन्द रहेगा। जिन मुकिर ने जायदाद उपरोक्त के पूर्ण रूप से पाक व साफ होने का यकीन व इत्मिनान खरीदार समिति को करा दिया है। फिर भी यदि मुकिर के ऐब या नक्स या दूसरा मिलकियत आदि की वजह से जायदाद मुबेया हाजा का कुछ या कुल भाग कब्जा व दखल मुकिर के पैत जेबा से खरीदार समिति के कब्जा व दखल व हक से:

5000 Rs.

INDIA NON JUDICIAL

5000 Rs. Rs. 5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES



निकल आवे या खरीदार समिति को जायदाद मुबैया हाजा की निस्बत आज दिन तक की बाबत कुछ भी अदा या खर्च करना पड़े तो उसकी सारी जिम्मेदारी मुकिर व वारिसान मुकिर व कायम मुकामान वारिसान मुकिर की होगी और खरीदार समिति को अधिकार होगा कि वह अपना कुल जर रकम मय हर्जा व खर्चा जिम्मे मुकिर की दीगर जात खास जायदाद मनकूला व गैर मनकूला से जिस प्रकार से चाहे बजरिये अदालत मुकिर के हर्जे खर्चे पर दाम दाम वसूल पा लेवे। इसमें मुकिर व वारिसान मुकिर व कायम मुकामान वारिसान मुकिर को कोई उजर व एतराज न होगा। जुमला शरायत दस्तावेज हाजा की पाबन्दी मुकिर व वारिसान मुकिर व कायम मुकामान वारिसान मुकिर पर लाजिम व वाजिब होगी।

लिहाजा बदुरुस्ती होश हवास लिखा दिया ताकि

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

5000 रु.  Rs 5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

-9-

बायअ के स्वस्थ मन,बुद्धि,चित्त व इन्द्रियों की स्वस्थ दशा में बिना किसी के बहकाये या बरगलाये राजी खुशी से यह चन्द कलमात बतरीक बयनामा बतौर तहरीर कर दिया ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत पर काम आवे ।

<u>तफसील जायदाद मुबेया</u>

आराजियात भूमिधरी नम्बरी 1096 एक हजार छियानवे रकबा 0.666 हे0 शून्य दशमलव छः छः छः हेक्टेयर व आराजी भूमिधरी नम्बर 1097 एक हजार सत्तानवे रकबा 0.041 हे0 शून्य दशमलव शून्य चार एक हे0 व आराजी भूमिधरी नम्बर 1098 एक हजार अट्ठानवे रकबा 0.307 हे0 शून्य दशमलव तीन शून्य सात हेक्टेयर व आराजी भूमिधरी नम्बर 1105 एक हजार एक सौ पाँच रकबा 0.031 हे0 शून्य दशमलव शून्य

50 RS.

5000 Rs.

INDIA NON JUDICIAL

5000 Rs.　　Rs 5000

पाँच हजार रुपये　FIVE THOUSAND RUPEES



तीन एक हेक्टेयर के एक बटा दो भाग यानी रकबा कुल 1.045 के 1/2 भाग यानी रकबा 0.522 हे0 यानी रकबा दो बीघा ग्यारह बिस्वा स्थित मौजा रौती अकबरपुर कछार परगना तहसील व जिला कानपुर नगर का विक्रय किया गया है।

भूमि बेचने की आज्ञा श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय नगर भूमि सीमारोपण कार्यालय मारवती बांगला रोड शहर कानपुर से बजरिये पत्र संख्या- 402 कृषि भूमि दिनांक 26-2-93 ई0 को प्राप्त कर ली गयी है। मालियत के हिसाब से स्टाम्प ड्यूटी सर्किल रेट 2,70,000/- प्रति एकड़ के हिसाब से 3,53000/-रुपया पर कुल 51050/- रुपया की अदा की गयी है। विक्रेता

1000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

2000रु. Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES



अनुचित भार एवं अनुचित भारित का नहीं है।

तयशुदा बहुमूल्य बरे समन मुबलिग 3,31,500/-रुपया तीन लाख इकतीस हजार पांच सौ रुपया।

मुबलिग 1,50,000/- रुपया मुकिर खरीदार से कब्ल तहरीर दस्तावेज हाजा के प्राप्त कर चुका है।

मुबलिग 1,81,500/- रुपया जरिये ड्राफ्ट नम्बर-394819 दिनांक 11-03-93 केनरा बैंक शाखा माल रोड कानपुरनगर बनाम श्रीमान सब रजिस्ट्रार महोदय कानपुर के मुकिर ने खरीदार समिति से वसूल पाये। निस्बत बरे समन अब एक भी पैसा पाना जिम्मे खरीदार समिति के शेष नहीं रहा।

50 Rs.

पचास रुपये

INDIA

FIFTY RUPEES 50 Rs



तहरीर तारीख- 31-3-1993 ई0

गवाह 1-

गवाह 2-

मसविदा मेरे निजी टाइपिस्ट द्वारा मेरे कार्यालय में मेरे डिक्टेशन पर टाइप किया गया।

सुबोध कुमार त्रिवेदी, एडवोकेट

कानपुर।

Subodh Kumar Trivedi

Advocate

Court Compound - K...

अतिरिक्त स्टाम्प रु० 11050/—

आज दिनांक 16/5/03 को फोटो स्टेट प्रति
पुस्तक संख्या 1 खण्ड 120 पृष्ठ
245/260 पर क्रम संख्या 13Wb
पर अंकित किया गया।

उप निबन्धक
कानपुर (नगर)-II

बही नं० 1 जिल्द 1059 के पृष्ठ 277/282 पर क्रमांक नं० 1344 पर आज दिनांक 23/3/98 को प्रतिलिपि की गई।

वरिष्ठ लिपिक

उप निबन्धक-II
कानपुर-नगर

16-09